E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संख्या – 17 –वि0 सर्वेक्षण (नोडल पदा0) – 101/2019 ....

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
पटना, अररिया, अरवल, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया
जमुई, जहानाबाद, नालंदा, प0 चम्पारण, पूर्णियाँ,
बांका, बेगूसराय, मधेपुरा, मुंगेर, लखीसराय,
शिवहर, शेखपुरा, सहरसा, सीतामढ़ी एवं सुपौल।

पटना, दिनांक :–

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के लिए ग्राम स्तरीय आधारभूत आंकड़ों के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का कार्य भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के ज्ञापांक– 1600 दिनांक–20.09.2019 द्वारा आपके जिलों में प्रथम चरण में कराने संबंधी आदेश पूर्व से संसूचित है। विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य के सफल संचालन के लिए आवश्यक है कि सर्वेक्षण किये जाने वाले सभी राजस्व ग्रामों के आधार भूत आंकड़ों यथा रकवा, रैयतों की संख्या, भू–लगान एवं भू–स्वामित्व का आधार, खतियान एवं मानचित्र की उपलब्धता, ग्रामवार सरकारी भूमि का रकवा इत्यादि की अद्यतन स्थिति ज्ञात हो। उपर्युक्त विवरण के लिए निदेशालय स्तर पर प्रपत्र संधारित किया गया है जो पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न प्रपत्र में प्रत्येक अंचल का ग्रामवार प्रतिवेदन तैयार कर अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी विशेष सर्वेक्षण को उपलब्ध कराने एवं directorlrs@gmail.com पर भेजने का निदेश सभी अंचल अधिकारियों को देने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक: यथोक्त

विश्वासभाजन
ह0/–
(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17 वि0 सर्वेक्षण (नोडल पदा0) – 101/2019.................. **पटना, दिनांक :–**..................

प्रतिलिपि:– सभी संबंधित जिलों के अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17 वि0 सर्वेक्षण (नोडल पदा0) – 101/2019.................. **पटना, दिनांक :–**..................

प्रतिलिपि:– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17 वि0 सर्वेक्षण (नोडल पदा0) – 101/2019 417 **पटना, दिनांक :–** 02-03-2020

प्रतिलिपि :– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को निदेशालय वेबसाईट के सकुर्लर खंड में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप